सार-समाचार

प्रथम व प्रतीक्षा सूची जारी

पाटन, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय पाटन में स्नातकोत्तर (हिंदी साहित्य) पूर्वार्द्ध की प्रथम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची जारी की गई। प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा ने बताया कि प्रथम वरीयता सूची में सामान्य वर्ग की कट ऑफ 54.92 तथा छात्रा वर्ग की कट ऑफ 60.54 ,ओबीसी का सामान्य कट ऑफ 44.83 तथा छात्रा वर्ग का49.83 ,ईडब्ल्यूएस का सामान्य कट ऑफ 43.94 छात्रा वर्ग का 52.58 ,एससी वर्ग का सामान्य कट ऑफ 46.06 तथा छात्रा वर्ग का कट ऑफ 53.88 , एसटी वर्ग का सामान्य कट ऑफ 48.50 तथा छात्रा वर्ग का कट ऑफ 53.42 ,एमबीसी का सामान्य कट ऑफ 53.63 एवं छात्रा वर्ग का कट ऑफ 53.71 रहा। साथ ही प्रथम प्रतीक्षा सूची में सामान्य वर्ग का कट ऑफ 40.33,ओबीसी का कट ऑफ 39.75 तथा एसटी का कट 36.06 रहा। आचार्य डॉ.योगेश कुमार सबल ने बताया कि प्रथम वरीयता सूची तथा प्रतीक्षा सूची में आने वाले विद्यार्थी अपने दस्तावेज महाविद्यालय जांच समिति से 05 अक्टूबर तक सत्यापित करवा कर महाविद्यालय में जमा करा देवे। सहायक आचार्य किरण यादव ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के बाद ई मित्र कियोस्क पर निर्धारित शुल्क दिनांक 07 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से जमा कर देवे । महाविद्यालय में स्थान रिक्त रहने पर ही वरीयता क्रम में प्रतीक्षारत विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा। सहायक आचार्य ज्योति शर्मा ने बताया कि निर्धारित तिथि तक आवश्यक प्रमाण पत्र वह फीस जमा नहीं करवाने पर विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया से स्वत: बाहर हो जाएगा।

विद्यार्थियों को टेबलेट बांटे

रतनगढ़, (निसं)।पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय राउमावि मेलूसर मे विभागीय निर्देशानुसार पंचायत स्तरीय निपुन मेले व सत्र 2021-22 व 2022-23 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले मे मेलूसर, मालासर व छोटड़िया विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। नेशनल इनिशिएटिव फ़ॉर प्रोफ़िशिएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग ऐंड न्यूमेरेसी (निपुण) विषय पर आधारित मेले मे विद्यार्थियों द्वारा हिन्दी, अंठोजी, गणित, विज्ञान, पर्यावरण, मौलिक कौशल व खेल आधारित 40 से अधिक स्टालों के माध्यम से विभिन्न शैक्षिणक व सहशैक्षिणक बिन्दुओं का प्रदर्शन किया। मेले का उद्घाटन एस.सी.एम.सी अध्यक्ष परमेश्वर लाल पुरोहित, सरपंच महावीर सिंह, समाजसेवी कल्याण सिंह शेखावत, प्रहलाद दान चारण, रूपदान व पीईईओ आनंद पारीक ने किया। मेले के प्रभारी शिक्षक ओमप्रकाश ने मेले के उद्देश्य व विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उप प्राचार्य गीधाराम काछवाल ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। श्रीराम स्वामी, महेंद्र कुमार व वेदप्रकाश ने निर्णायक की भुमिका निभाई। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, विजेताओं व शिक्षकों व जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों का पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया गया।

साफ-सफाई व श्रमदान किया

पाटन, (निसं)। स्वच्छता पखवाड़े के तहत पशुपालन विभाग के जिला कार्यालय सहित समस्त 171 संस्थाओं में साफ सफाई एवं श्रमदान कार्य संपन्न हुए। विभाग के जिला उपनिदेशक डॉ रणजीत मेहरानिया ने बताया कि विभाग के उपनिदेशक कार्यालय, 6 ब्लॉक कार्यालय, 10 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय, 56 पशु चिकित्सालय एवं 98 पशु चिकित्सा उपकेंद्रों में रिकॉर्ड, स्टोर एवं स्टोक का नियमित संधारण, साफ सफाई, श्रमदान के कार्य कर स्वच्छता को लेकर शानदार संदेश दिया गया । जिसकी प्रशंसा प्रमुख शासन सचिव पशुपालन विभाग द्वारा भी की गई । डॉ मेहरानिया ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर उक्त कार्य पूर्ण किया जाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं का नाम संबंधित जिला कार्यालय द्वारा उच्च अधिकारियों को भी भिजवाए गए है। ब्लॉक कार्यालय उदयपुरवाटी, पशु चिकित्सालय छापोली, जीलो, जसरापुर, नेवरी, पशु चिकित्सा उपकेंद्र करड़का, डेहरा जोहड़ी, स्यालोदडा आदि संस्थाओं की भवन व कार्यालय की शानदार व्यवस्था ने सभी संस्थाओं के लिए उदाहरण पेश किया है।

10 लाख रूपये का चैक सौंपा

सीकर, (निसं)। सीकर केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा सूरजपोल द्वारा ग्राम सेवा सहकारी समिति रसीदपुरा के ऋणी सदस्य ताराचंद निवासी मैलासी की मृत्यु हो जाने पर समिति द्वारा दुर्घटना बीमा क्लेम तैयार कर बीमा कम्पनी को भिजवाया गया था। जिस पर बैंक के ब्रांच मैनेजर हिमांशु सोनी, सहकारी जिला कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह सुण्डा, पैक्स मैनेजर राकेश कुमार, रिछपाल सुंडा ,नरेश सुंडा द्वारा नोमिनी मृतक की पत्नी संजू देवी को 10 लाख रूपये की राशि का चैक सौंपा गया। इस दौरान सहकारी समिति के अध्यक्ष ताराचंद, सरपंच प्रतिनिधि अनिल एवं गणमान्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

गांधी व शास्त्री को किया याद

उदयपुरवाटी, (निसं)। बीआर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। किशोरी लाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुए जयंती समारोह के मुख्य अतिथि सर्वोदयी कार्यकर्ता बद्रीप्रसाद तंवर एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट मोतीलाल सैनी थे । कार्यक्रम में अतिथियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि बद्रीप्रसाद तंवर ने कहा राष्ट्रिपता महात्मा गांधी ने दुनिया को सत्य, अहिंसा, शांति एवं सद्भावना का संदेश दिया, उन्होंने देश के स्वाधीनता आंदोलन के साथ साथ किसान आन्दोलन का भी कुशल नेतृत्व किया । बद्रीप्रसाद तंवर ने कहा कि बापू के जीवन आदर्श देश दुनिया को कर्तव्य पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं । सादगी व ईमानदारी की प्रतिमूर्ति लाल बहादुर शास्त्री का जीवन मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित जीवन सदैव प्रेरणा स्त्रोत बना रहेगा । एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा की महात्मा गांधी स्वच्छ, स्वस्थ एवं समृद्ध भारत का निर्माण करना चाहते थे, उन्होंने बुनियादी शिक्षा व नैतिकता पर बल देकर देश के लोगों को स्वराज और स्वदेशी का विचार दिया, उनके द्वारा सृजित गांधीवादी मूल्य देश की युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष किशोरी लाल सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

'घुमंतु परिवारों का प्रदेश के निर्माण व विकास में बड़ा योगदान'

चूरू, (कासं)। राज्य सरकार की एक अनूठी पहल के तहत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर के दुर्गापुरा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेशभर के विमुक्त, घुमन्तु, अर्ध घुमन्तु, भूखंड हीन व्यक्तियों को आवासीय पट्टे वितरित किये। इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर के लाभार्थियों से संवाद भी किया और शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर शर्मा ने कहा कि जिन परिवारों को पट्टा मिला है, उन्हें धीरे-धीरे आवास भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि घुमंतू जातियों का बहुत गौरवपूर्ण और वीरता से भरा इतिहास रहा है। मातृभूमि की रक्षा में इन जातियों का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने

■ राज्य सरकार की नजर अंतिम छोर के व्यक्ति के विकास पर : सहारण

कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में एक साथ 90 हजार सरकारी नौकरियों का फैसला लिया है, जो देश के इतिहास में किसी सरकार द्वारा लिया गया एक ऐतिहासिक निर्णय है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर टाऊन हाल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां मौजूद विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रधान दीपचंद राहड़, सीईओ श्वेता कोचर, उप प्रमुख महेंद्र न्यौल सहित अधिकारियों,

उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों के सरपंचों को सम्मानित किया।

जनप्रतिनिधियों, लाभार्थियों व आमजन ने ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़कर इसमें भाग लिया। इस दौरान जिले के लाभार्थियों को पट्टे वितरित किये गए तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों के सरपंचों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि घुमन्तु परिवारों का प्रदेश के निर्माण और विकास में बड़ा योगदान रहा है। राज्य सरकार ने इन परिवारों को पट्टा देकर अनूठी योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह साबित कर दिया है कि उनकी नजर समाज के अंतिम छोर पर बैठे निर्धन और वंचित व्यक्ति के विकास पर है। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने इस योजना की सराहना करते हुए लाभार्थियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि जमीन और मकान किसी भी व्यक्ति के जीवन का सपना होता है। यह आवासीय पट्टे उन सपनों को हकीकत में बदलने का अनूठा प्रयास है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले के लाभार्थियों की जानकारी देते हुये राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने की दिशा में काम किया जाएगा। प्रधान दीपचंद राहड़, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, मदनलाल प्रजापत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चौनाराम, उपनिदेशक (आईटी) नरेश टुहानिया, एडीपीआर कुमार अजय, एसबीएम के जिला समन्वयक श्यामलाल शर्मा, डीएफओ राकेश दुलार, बीडीओ महेंद्र भार्गव, प्रेमसिंह चौहान, सुभाष मीना, लीलाधर चंदेल, रामस्वरूप सिहाग, धनराज चौहान, चानण मल कस्वां, अशोक शर्मा, रामजीलाल लुहार, राजूराम भाट, सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी व आमजन मौजूद थे।

पदक जीते

तारानगर, (निसं)। बाड़मेर के चौहाटन में आयोजित हुई 8 दिवसीय राज्य स्कूली वुशू प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में छात्राओं ने पदक जीते है। चूरू वुशू संघ सचिव चिंकित शर्मा ने बताया कि यशिका स्वर्ण पदक, टीना और ख़ुशी रजत पदक , हिमानी,डिम्पल और निशा ने कांस्य पदक जीते। बालक वर्ग में सुनील और कार्तिक ने स्वर्ण पदक अपने अपने भारवर्ग और आयुवर्ग में जीते।

हुलास तिवाड़ी बने अध्यक्ष

सीकर, (निसं)। सीकर प्रेस क्लब में बुधवार को अध्यक्ष कोषाध्यक्ष एवं महामंत्री पद के लिए चुनाव संपन्न हुए चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए।

जिसमें हुलास तिवाड़ी को अध्यक्ष डॉक्टर कार्तिकेय शर्मा को महामंत्री एवं सच्चानंद थदानी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। हुलास तिवाड़ी को अध्यक्ष चुने जाने के बाद सीकर पत्रकार जगत में खुशी की लहर है।

इस क्लब में जल्द ही अब आगे की गतिविधियां शुरू हो सकेगी उल्लेखनीय है की सीकर प्रेस क्लब को लेकर सभी पत्रकार साथी अध्यक्ष पद का इंतजार कर रहे थे। सर्व समिति से सीकर प्रेस क्लब सभागार में 3 बजे सर्वसम्मति से निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट पुरुषोत्तम शर्मा एवं सहायक उप निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सामोता की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी ने हुलास तिवाड़ी को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित करते ही पूरा सभागार तालिया से गूंज उठा।

सादुलपुर में आमजन को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

सादुलपुर,(निसं)। 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता स्वच्छता ही सेवा' पखवाडे के अन्तर्गत बुध्वार को दोपहर 01 बजे के आसपास रजिया गहलोत अध्यक्ष नगरपालिका राजगढ व अधिशाषी अधिकारी राजगढ के द्वारा स्वयं झाड़ू लगाकर नगरपालिका राजगढ से होकर मुख्य बाजार में विशेष सफाई अभियान चलाया।

इससे पूर्व रजिया गहलोत अध्यक्ष नगरपालिका राजगढ व अधिशाषी अधिकारी राजगढ ने नगर पालिका क्षेत्र

■ स्वच्छता मित्रों को किया सम्मानित

में गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जयन्ति को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम नगर पालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत व अधिशाषी अधिकारी सुमेर सिंह श्योराण के द्वारा महात्मा गाँधी की मूर्ति पर माला व पुष्प अर्पित कर उनका सम्मान किया गया। उसके बाद मुख्य बाजार में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसके बाद स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया गया व

नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी ने झाड़ू लगाकर चलाया विशेष सफाई अभियान

आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया इसीक क्रम में स्वच्छता ही सेवा पखवाडे में सभी गतिविधियों में भाग लेने वाले सफाई मित्र व विधार्थीयों को रंगोली प्रतियोगिता. निबन्ध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, में उत्कर्ष स्थान पाने वालो को स्वच्छता ही सेवा मोमेन्टो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही अधिशाषी अधिकारी सुमेर सिंह श्योराण ने सबके सामने अपने विचार रखे व उन्होने बताया की स्वच्छता को अपने स्वभाव में व संस्कार में लाना होगा तभी हम स्वच्छ भारत मिशन को सफल बना पायेगें। पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियाज मोहम्मद ने अपने विचार रखें एवं कार्यकम में प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह पूनियां, इंजीनियर जयन्त सांगवान, उप-प्रधानाचार्य राजवीर सुडा, पार्षद हैदर अली, एन.एस.एस. कार्यकम अधिकारी सुनिल मील, सन्दीप जडिया, आरिफ अली, मनसुखराम, शेर सिंह, सरला, सरिता, कृष्णा, सीमा, सगीर खान व मुनेश आदि उपस्थित रहे।

सार-समाचार

कृषि विज्ञान केंद्र का किया अवलोकन

सादुलपुर, (निसं)। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ की कक्षा 11 व 12 की 50 छात्राओं का एक दल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बीकानेर के सहयोग से वैज्ञानिक प्रक्रिया युक्त कार्य स्थल भ्रमण के तहत बुधवार को विज्ञान भ्रमण पर रहा। दल प्रभारी एवं मार्गदर्शक शिक्षक विमलेश चन्द्र ने बताया कि प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा, मंजू कुमारी व.अ., पार्थ मनसोत्रा प्रयोगशाला सहायक तथा मुकेश कुमार व्यावसायिक प्रशिक्षक शिक्षक के साथ 50 छात्राओं के दल ने विज्ञान भ्रमण के अंतर्गत बिरला साइंस सेंटर पिलानी एवं कृषि विज्ञान केंद्र चांदगोठी का अवलोकन किया। पिलानी में बिरला साइंस सेंटर, बिरला म्यूजियम, पंचवटी, साइंस पार्क का अवलोकन कर विज्ञान को प्रकृति से जोडा। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र चांदगोठी में वरिष्ठ वैज्ञानिक बलवीर सिंह ने छात्राओं को फसलों की नवीनतम किस्मों तथा सिंचाई की आधुनिक विधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र का उद्देश्य मुख्य उद्देश्य किसानों को लाभान्वित करना है। प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने कहा कि ऐसे भ्रमण से छात्राओं को विज्ञान के नजदीक आने का मौका मिलता है एवं उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। दल प्रभारी विमलेश चन्द्र ने कहा कि विज्ञान भ्रमण से छात्राओं का निश्चित रूप से विज्ञान के प्रति रुझान बढेगा तथा उनका शैक्षिक उन्नयन होगा। उन्होंने विज्ञान भ्रमण स्वीकृति हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बीकानेर के अनुसन्धान अधिकारी कमलकांत स्वामी का आभार जताया।

रैली से दिया स्वच्छता का संदेश

चूरू, (कासं)। स्वामी गोपाल दास राजकीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस की छात्राओं ने बुधवार को महात्मा गांधी जयंती को स्वच्छ-भारत दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर चूरू के धर्मस्तूप के आस-पास सिंगल यूज प्लास्टिक के कचरे को इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया गया। इस दौरान एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चंपालाल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान छात्राओं ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाये और मुख्य मार्ग पर दुकानदारों और रेहड़ी पटरी वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रमदान कर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता भंवर गुर्जर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जोश और जज्बे के साथ इस कार्य को करें। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम केवल औपचारिक रूप से नहीं होने चाहिये, बल्कि इससे लोगों को जागरूक करना चाहिये। उन्होंने स्वच्छता संबंधी गतिविधियों से भी छात्राओं को अवगत कराया। सेवानिवृत्त सेना अधिकारी मंगतू राम गुर्जर ने स्वच्छता को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए उपयोगी बताया। प्राचार्य डॉ. चंपालाल वर्मा ने छात्राओं को ऐसे अवसरों पर योगदान देने के लिए आठाह किया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, संकाय सदस्य डॉ. अनुज कुमार, विक्रम लव्य, नरेंद्र ढ़ाका व अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुजान सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

चूरू, (कासं)। जिला प्रशासन की ओर से गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व विधायक हरलाल सहारण सहित अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा में रामधुनी और भजन गाकर महात्मा गांधी को याद किया किया। गायक राजेंद्र चौबे, प्रभु दयाल सैनी, लक्ष्मी शर्मा व गोविंद ने 'तू ही राम है..', 'वैष्णव जन तो तेने कहिए...,'रघुपति राघव राजा राम..' सहित विभिन्न गांधी भजनों की जोरदार प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों का अनुसरण हमारी आत्मा को जिंदा रखेगा। उन्होंने आजादी की लड़ाई के साथ-साथ हमारे सामाजिक जीवन में सुधार के लिए योगदान दिया। हमारे जीवन के वर्तमान स्वरूप को प्राप्त करने में महात्मा गांधी का सर्वाधिक योगदान है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि गांधी जीवन के हर क्षेत्रा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। प्रशासन के लिए अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को देखने का उनका नजरिया अपने आप में एक संपूर्ण दृष्टिकोण है। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, कमिशनर अभिलाषा सिंह, विक्रम सिंह कोटवाद, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, एडीपीआर कुमार अजय, दीनदयाल सैनी, सुशील लाटा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र राठौड़ सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, नागरिक व विद्यार्थी मौजूद थे।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित

चूरू, (कासं)। अग्रसेन भवन में अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार देर शाम को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 80 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। आयोजन समिति के ताराचंद महनसरिया ने बताया कि बुधवार को बच्चों की चम्मच दौड़, महिलाओं द्वारा नो गैस कुकिंग, मेहंदी सजाओ, म्यूजिकल चेयर व रस्सा कस्सी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महिलाओं व युवतियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में रंजू सातड़ेवाला, पिंकी जालुका, अंजू बजाज, सरोज महनसरिया, आशा क्याल, सुशील अठावाल, बालकिशन राजगढ़िया, साक्षी कंदोई, कंचन बगड़िया व निशा लोहिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा में महात्मा गांधी व शास्त्री को किया याद

चूरू, (कासं)। स्थानीय जैन श्वेतांबर तेरापंथी विद्यालय में लायंस क्लब की ओर से बुधवार को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन अनुराग शर्मा ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य थी। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तारानगर पंचायत समिति प्रधान संजय कस्वां व पीसीसी

■ महात्मा गांधी तथा लालबहादुर शास्त्री के आदर्श पर चलने का आव्हान किया

सचिव मुस्ताक खान थे।

क्लब के प्रांतीय सचिव डॉ. कमल वशिष्ठ ने बताया कि सर्वधर्म प्रार्थना में विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए, तू ही राम है तू रहीम आदि भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान आगंतुक अतिथियों ने महात्मा गांधी तथा शास्त्री के आदर्श पर चलने का आव्हान किया। क्लब अध्यक्ष

चूरू के जैन श्वेतांबर विद्यालय में गांधी जयंती पर लायंस क्लब द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

लायन अनुराग शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम प्रभारी लायन शैलेंद्र माथुर ने बताया कि लायंस क्लब के 2 से 8 अक्टूबर तक होने वाले सेवा सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। सेवा सप्ताह प्रभारी लायन ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि पूरे विश्व में दो से आठ अक्टूबर तक सेवा सप्ताह का आयोजन कर विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्य किये जायेंगे। इस अवसर पर विश्वनाथ गुरु, महेंद्र चौबे, योगेश गौड, वाजिद अली आदि वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत किया गया। क्लब सचिव मुकुल सिगतिया, कोषाध्यक्ष आबिद खान, बालकिशन राजगढ़िया, विजय इसरानी, विनोद शर्मा, महेंद्र धानुका, मनोज जांगिड़, पुनीत क्याल, आकाश सोनी आदि ने आयोजकीय भूमिका निभाई। प्रधानाध्यापक जगदीश प्रसाद जांगिड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक लायन शैलेंद्र माथुर ने किया।

संतोष अहलावत ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

चूरू, (कासं)। पूर्व सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने प्रदेश की सरकार के कार्यकाल को प्रदेश के लिए स्वर्णिम कार्यकाल बताया। पूर्व सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने सरकार की जलजीवन मिशन, कुसुम योजना, रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना और तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, लखपति दीदी योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा कि यह डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है।

जिस प्रकार केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां देश को विकसित देश बनाने की ओर अग्रसर हो रही है। उसी प्रकार प्रदेश सरकार उसी रास्ते पर चलते हुऐ प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने की और अठासर है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा से मिलकर हमने जो चूरू के विकास के लिए योजनाएं मांगी हैं। उन सभी योजनाओं को प्रदेश के बजट में इस सरकार ने जारी किया। अब यह योजनाएं धरातल पर लागू हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने घोषणा पत्र की 50 प्रतिशत घोषणाएं लागू कर दी हैं।

गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई

सीकर, (निसं)। समाज कल्याण सप्ताह के दूसरे दिन राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जयन्ती के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परीड़वाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पुरोहित, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की उप निदेशक प्रियंका पारीक सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने महात्मा गांधी के आदर्शों को आज के युग में अधिक प्रासंगिक बताते हुए इनकों अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने बापू के आदर्शो, जीवनदर्शन, सिद्धान्तों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने सत्य, अंहिसा के मार्ग पर चलने की बात कही थी जिसकी शुरूआत हमें अपने स्वयं से ही करनी चाहिए। गांधीजी का पूरा जीवन हमें प्रेरणा देता है। गांधीजी हमेशा मंशा, वाचा, कर्मणा की बात कहते थे, उन्होंने जीवन में स्वच्छता के महत्व पर बल दिया।कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया तथा शास्त्री की सादगी एवं आदर्शो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सर्वधर्म प्रार्थना सभा में रघुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए, हर देश में तू हर भेष में तू गांधीजी के प्रिय भजनों का स्काउट गाईड के बच्चों ने गायन के साथ ही स्वच्छता की लघु नाटिका का मंचन कर उपस्थित जनों को स्वच्छता के महत्व का प्रेरक संदेश दिया।कार्यक्रम के बाद जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कलेक्ट्रेट के लॉन में पौधारोपण किया तथा पांच दिव्यांगों को माला पहनाकर स्कूटी प्रदान की। इस दौरान महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक, जिला सह संयोजक राजेन्द्र प्रसाद सैनी, यूआईटी सचिव जगदीश प्रसाद गौड़, जिला परिषद सदस्य उर्मिला धायल, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार, सहायक निदेशक शिक्षा राकेश गढ़वाल, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. दीपक अग्रवाल, एडीईओ रामचन्द्र बगड़िया, समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, जिला कलेक्टर के अतिरिक्त निजी सचिव सर्वेश माथुर, प्रवीण जांगीड़, साहित्यकार महावीर पुरोहित आदि मौजूद रहे।

जयंती मनाई

सादुलपुर, (निसं)। सत्य-अहिंसा, स्वावलंबी मार्ग के पुरोधा महात्मा गाँधी एवं शौर्य स्वाभिमान के प्रतीक माटी के लाल भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री की जयंती खारियाबास स्थित राजकीय विद्यालय में स्वदेशी दिवस के रूप में संस्था प्रधान सुमन देवी जाखड की अध्यक्षता तथा जिला योग प्रचाकर एवं आयुष योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय के सानिध्य में मनाई। जिला योग प्रचारक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने महापुरुषों के जीवन वृत्त सिद्धांतों को आत्मसात कर स्वच्छ, स्वस्थ, आत्मनिर्भर, स्वावलम्बी राष्ट्रनिर्माण में सकारात्मक सृजनात्मक भूमिका निर्वहन करने का आव्हान करते हुए देशभक्ति से ओतप्रोत कविता प्रेरक प्रसंग सुनाए।

नाम परिवर्तन

मैं भैरू राम मीणा 2695672Y L/NK पुत्र श्री नन्द राम मीणा निवासी न्यौराणा तहसील पाटन जिला नीमकाथाना राजस्थान सहवन से मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पुत्री निधि मीणा का नाम निधि व विधि मीणा का नाम विधि, मेरे पुत्र हेमंत मीणा का नाम हेमंत व पत्नी सीता मीणा का नाम सीता देवी व जन्मतिथि 19/08/1992 की जगह 02/05/1985 दर्ज हो गई जो कि गलत है, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरी पुत्रियों के नाम निधि मीणा और विधि मीणा व मेरे पुत्र का नाम हेमंत मीणा व पत्नी का नाम सीता मीणा व जन्म तिथि 19/08/1992 है जो सही व सत्य है।